तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 15 नवंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 एथेनाल प्लांट के खिलाफ आंदोलन 53 वें दिन भी रहा जारी



08 बालोद के श्रावक-श्राविकाएं सहजता ...



**आगाज:** जिले के 80 केंद्रों में शुरूआत, 22 समिति में नहीं हो पाई बोहनी

# किसानों के स्वागत-सम्मान के साथ केंद्रों में शुरू हुई धान की खरीदी, पहले दिन 12686 मी. टन खरीदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का शुभारंभ पूजा अर्चना के पश्चात प्रारंभ हुआ। जिले 102 समिति के 129 खरीदी केंद्र है जिसमें से 80 समिति के खरीदी केंद्रों में पहले दिन लगभग 12686 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई। वहीं जिले की 22 समितियों के खरीदी केंद्रों में धान की बोहनी नहीं हो पाई। हालांकि इन 22 केंद्रों में समिति द्वारा किसानों को टोकन आवंटित किया जा चुका है। 80 केंद्रों में जिन किसानों को टोकन आवंटित किया गया था। उन किसानों की धान की खरीदी गुरुवार 14 नवंबर को विधिवत पूजा अर्चना कर की गई। समिति में धान बेचने के लिए पहुंचे किसानों का स्वागत और सम्मान भी किया गया। केंद्रों में बाकायदा प्रशासनिक निगरानी भी की जाती रही ताकि किसानों को किसी तरह की कोई परेशानी ना उठानी पड़े। इसके बावजूद केन्द्रों में अव्यवस्था का आलम रहा।

■ कई जगहों पर अव्यवस्था के कारण किसान होते रहे परेशान


उल्लेखनीय है कि ज़िले की 102 सहकारी समितियों के 129 ख़रीदी केंद्रों में धान उपार्जन का कार्य शुरू हुआ । जिले में अब तक 1 लाख 64 हज़ार 733 किसानों ने धान बेचने सहकारी समितियों में पंजीयन कराया हैं। पिछले साल 1लाख 58 हजार 529 किसानों ने धान बेचने सहकारी समितियों में पंजीयन कराया था । जिनका रक़बा 1 लाख 85 हज़ार 928 हेक्टेयर था। इस साल रकबा बढ़कर 1 लाख 89 हज़ार हेक्टेयर हो गया है। बताया गया है कि इस साल धान ख़रीदी का अनुमानित लक्ष्य 934687 मैट्रिक टन है । वही इस वर्ष 7 हजार 931 नये जुड़े है ।



## स्वागत और धान का तौल होते ही किसानों के चेहरे पर झलकी खुशी



**बेरला।** ब्लॉक मुख्यालय सहित अंचल में खरीफ सीजन 2024-25 समिति व उपार्जन केंद्रों में किसान के स्वागत कर कांटा-बाट की सर्वप्रथम पूजा के साथ समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरुआत किया। वही सेवा सहकारी समिति मर्यादित मोहभट्ठा पंजीयन क्रमांक 671 में किसान के स्वागत कर कांटा-बाट की पूजा अर्चना के साथ ही धान की खरीदी कर शुभारंभ किया। इस दौरान समिति केंद्र के प्रभारी प्रबंधक पवन निषाद, वरिष्ठ अतिथिगण, पूर्व अध्यक्ष मोतीलाल मारकंडे, पटवारी कामता सिन्हा, समिति के सदस्यगण सहित किसान की बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समर्थन मूल्य में धान की खरीदी को लेकर किसान के चेहरे में खुशी की चमक देखने को मिला। वही ग्राम मनियारी, कोदवा व मोहभट्ठा से किसान धान लेकर खरीदी केंद्र पहुंचे जहां इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन पर उनका धान तौलकर शुरुआत की।



## कलेक्टर सहित जिला नोडल अधिकारियों ने किसानों का फूल मालाओं से किया स्वागत



**बेमेतरा।** ज़िले में खरीफ सीजन 2024-25 में समर्थन मूल्य पर आज धान खरीदी की शुरुआत हो गयी । कलेक्टर सहित जिला नोडल अधिकारियों ने सौपें गये धान उपार्जन केन्द्रों में पहुंचकर किसानों का फूल मालाओं से स्वागत किया। इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन याने कांटबांटे की पूजा कर धान खरीदी का शुभारम्भ किया ।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने खरीदी केंद्र में किसान रामाधर तिवारी का शाल-श्रीफल से स्वागत किया। किसानों से आत्मीय बातचीत की। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक तोल मशीन पर उनका धान तौल कर शुरुआत की। ज़िले की लोलेसरा में कृषक सहकारी समिति में अपनी उपज धान बेचने आये ग्राम चारभाटा के किसान रामधर तिवारी ने बताया कि वे 108 कट्टा धान बेचने आए हैं। कलेक्टर के हाथों स्वागत व सम्मान पाकर बहुत खुश और प्रसन्न है । उन्होंने कहा की उनका धान विष्णुदेव सरकार खुले दिल से ले रही है। केंद्र द्वारा घोषित समर्थन मूल्य के ऊपर रुपये प्रति एकड़ धान के अंतर की राशि से खरीदी से अब छोटे किसानों की आर्थिक स्थिति में भी और सुधार आयेगा। एक और किसान सेवकराम ने बताया कि उन्होंने अपनी भूमि में धान की फसल लगाई थी।जिसका धान समिति द्वारा आसानी से ले लिया गया। वही कृषक हेमन वर्मा ने ग्राम बैजी ने बताया कि अब सरकार की नीतियों से कृषि भी लाभ का व्यवसाय होता जा रहा है। एक और किसान अजय साहू ग्राम गर्रा ने बताया कि अब किसानों की धान खरीदी का कार्य पूर्व से बेहतर तरीके से हो रहा है।

### विधायक साहू ने क़ृषि उपज मंडी में किया धान ख़रीदी का शुभारंभ

बेमेतरा। धान खरीदी के पहले दिन गुरुवार सुबह नगर के क़ृषि उपज मंडी में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने धान ख़रीदी का शुभारंभ किया। किसानों से 3100 रू प्रति क्विंटल धान ख़रीदी करने प्रदेश सरकार का आभार जताया। उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा देश की नरेंद्र मोदी सरकार और प्रदेश की विष्णु देव सरकार किसानों के प्रति समर्पित है । आज किसानों के चहरे पर 3100 रू में धान का विक्रय करने की जो ख़ुशी है वो देखते बन रही है। किसान सम्मान निधि से मोदी जी देश के किसानों का ख्याल रखते हैं तो वहीं अब धान का एकमुश्त पैसा पाकर किसानों को भी किसी अभाव में रहने की ज़रूरत नहीं है। श्री साहू ने कहा हम देश के प्रधानमंत्री और हमारे मुख्यमंत्री का आभार जताते हैं। उक्त अवसर पर शहर मण्डल अध्यक्ष मोंटी साहू, विकाश तम्बोली, धर्मेंद्र साहू, किसान व खाद्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### शाला परिसर में सफाई नहीं विषैले जीव का बढ़ा खतरा



**बेरला।** विकास खण्ड के निकटवर्तीय क्षेत्र में आने वाले शासकीय प्राथमिक शाला पारधी पारा खिसोरा में साफ सफाई के अभाव के चलते परिसर में उगे घास व जहरीले जीव का खतरा बना। इस संबंध में शाला प्रबंधन के गैरजिम्मेदार होना पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए खतरा बढ़ता ही जा रहा है। बारिश का मौसम निकलने के बाद शीत ऋतु लगने के बाद कई प्रकार की विषैले जीव पनपते दिखाई दे रहे है। वही शाला समिति के अध्यक्ष की लापरवाही साफ़ साफ दिखाई दे रही हैं। साथ ही विद्यार्थियों के जानजोखिम में डालने को तुले हुए है। शाला परिसर में बड़े-बड़े घास उगने से और भी भय का माहौल बना रहता है। बच्चे खेल खेल में इन्ही घास की ओर चले जाते है। बेमेतरा में जहरीले व विषैले जीव के काटने के कारण निधन हो गए है। वही शासकीय प्राथमिक शाला खिसोरा में साफ सफाई का अभाव देखने को मिला।

### जिला टाऊन हॉल में जनजातीय गौरव दिवस समारोह होगा आज



**बेमेतरा।** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 'जनजातीय गौरव दिवस' के अवसर पर 15 नवंबर को पूर्वान्ह में शहर मुख्यालय के नगरपालिका टाऊन हॉल में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। विधायक दुर्ग शहर गजेंद्र यादव समारोह के मुख्य अतिथि होंगे । अतिविशिष्ट अतिथि विधायक बेमेतरा दीपेश साहू और विधायक साजा ईश्वर साहू शामिल होंगे । वही विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत सुनीता हीरालाल साहू होगी । कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आयोजन की सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने उक्त आयोजन के सफल कियान्वयन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद अग्रवाल मुख्य को सम्पूर्ण कार्यकम का नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए विभागों के जिला अधिकारियों को दायित्व सौंपा है।

### पंचायत निर्वाचन निर्वाचक नामावली अब 20 नवंबर तक लेंगे दावा-आपत्ति

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 में हुए संशोधनों के परिपेक्ष्य में 1 अक्टूबर की अर्हता तिथि के आधार पर ग्राम पंचायतों के फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसके अनुसार जनपद पंचायत बेमेतरा, साजा, बेरला एवं नवागढ़ अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में 14 नवम्बर से 20 नवम्बर तक पुनः दावा आपत्ति ली जाएगी। संशोधित कार्यक्रम अनुसार जिले के जनपद पंचायत बेमेतरा ,साजा, बेरला एवं नवागढ़ के सभी ग्राम पंचायतों में 1 अक्टूबर 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर निर्धारित प्रपत्र में दावा आपत्ति प्राप्त करने का कार्य विहित स्थानों में नियुक्त प्राधिकृत कर्मचारियों द्वारा 14 नवम्बर से 20 नवम्बर अपरान्ह 3 बजे तक किया जाएगा। दावा आपत्तियों के निपटारे की अंतिम तिथि 25 नवम्बर 2024 है। प्रारूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 27 नवम्बर निर्धारित की गई है। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 13 दिसम्बर 2024 को किया जायेगा।

# साजा बीआरसी की सर्व सीएसी बैठक में कठिनाइयों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बीआरसी केंद्र साजा में सर्व सीएसी की बैठक आहूत की गई। जिसमें परख सर्वे 2024 के आयोजन के लिए दिशा निर्देश, अपार आईडी बनाने हेतु दिशा निर्देश, जन्म प्रमाण पत्र, निवासी प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र बनवाए जाने हेतु विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए बनाने में आने वाली कठिनाइयों पर चर्चा की गई।

एफएलएन के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु उच्च कार्यालय से प्राप्त दिशा निर्देश अनुसार कार्य करने हेतु चर्चा की गई। दिव्यांग बच्चों को दी जाने वाली उपकरण की जानकारी आवश्यकता क्रम में चाही गई है।



ताकि उन बच्चों को आवश्यक उपकरण प्रदान की जा सके। विकासखंड स्तर पर कहानी उत्सव का आयोजन करने हेतु सभी सीएसी से चर्चा की गई। सभी विद्यालयों में सभी शिक्षकों द्वारा उक्त कार्यक्रम संचालित कराने कहा गया ताकि बच्चों को 21वीं सदी के अनुरूप दक्षता आधारित शिक्षा प्रदान की जा सके। बैठक में विकासखंड साजा के शिक्षा विकासखंड अधिकारी नीलेश कुमार चन्द्रवंशी, बीडी बघेल बीआरसीसी, चंद्रकांत वर्मा बीआरपी समावेशी एवम सर्व सीएसी साजा की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

# नन्हे-मुन्ने बच्चों की प्रस्तुति ने जीता सबका दिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बाल दिवस पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं का सम्मान नगर पालिका के टाउन हॉल में एक भव्य कार्यक्रम में किया गया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आंगनबाड़ी केंद्रों के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया।

कार्यक्रम में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू, कलेक्टर रणबीर शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं, बच्चों के अभिभावक और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी चन्द्रवेश सिंह सिसोदिया ने पुष्पगुच्छ देकर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। विधायक दीपेश साहू ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के प्रति उनके समर्पण और मेहनत को देखते हुए बाल दिवस पर सम्मानित करने का निर्णय लिया था। सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने और पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने में इनका योगदान बेहद सराहनीय है। इस मौके पर छह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को सम्मानित किया गया। वहीं नन्हे-मुन्ने बच्चों को उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के लिए पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही नानी सुरक्षा योजना और सुकन्या समृद्धि योजना के लाभार्थी बच्चों को बैंक पासबुक भी भेंट की गई।

विधायक श्री साहू ने कोरोना महामारी के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सेवा को याद करते हुए उनकी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं और बच्चों के पोषण के लिए उनके प्रयास काबिल-ए-तारीफ हैं। श्री साहू ने बच्चों की मंच पर दी गई शानदार प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि यह उनकी मेहनत का ही नतीजा है। अतिथियों ने कार्यक्रम में लगाए गए सामग्री स्टॉल का भी अवलोकन किया।




**प्रमाणपत्रों को लेकर रहें सजगः रणबीर** : कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से बच्चों के पोषण, टीकाकरण, और जन्म प्रमाण पत्रों के प्रति सजग रहने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि बाल दिवस के इस विशेष अवसर पर बच्चों की प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया। यह आयोजन सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत बना है ।

विद्यालयों में बच्चों को कराएं अधिक से अधिक अभ्यास

# परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण-2024 के लिए विज्ञान अभ्यास प्रश्न पुस्तिका का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 की परीक्षा का आयोजन दिसंबर माह में पूरे देश में एक साथ किया जा रहा है। जिनकी तैयारी हेतु जिला स्तरीय परख -2024 अभ्यास पुस्तिका विज्ञान का निर्माण पीएलसी बेमेतरा गणित द्वारा किया गया।

जिसका विमोचन डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे, जिला मिशन समन्वयक नरेन्द्र कुमार वर्मा, परख सर्वे के जिला नोडल अधिकारी थलज कुमार साहू, राजकुमार वर्मा, सहायक परियोजना समन्वयक धनंजय प्रसाद शर्मा , सहायक परियोजना समन्वयक भूपेंद्र कुमार साहू, बेमेतरा ब्लाक के विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरूण कुमार खरे, साजा बीईओ नीलेश चंद्रवंशी, बेरला बीईओ जय प्रकाश करमाकर, विकास खण्ड स्रोत समन्वयक राजेन्द्र कुमार साहू द्वारा किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण की तैयारी सभी विद्यालयों में बच्चों को गंभीरतापूर्वक एवं रोचकता के साथ प्रश्न का अधिक से अधिक अभ्यास कराने हेतु प्रेरित किया। निर्धारित समय में प्रश्नों की समझ सही ढंग से हो इनके लिए अभ्यास की निरंतर आवश्यकता है। इस अवसर में पीएलसी नोडल शिक्षिका रेणुका अग्रवाल, ज्योति बनाफर, सुकन्या राजपूत, पुष्पा वर्मा, देवेन्द्र कुमार साहू , डोमेन्द्र पाण्डेय, नीलेश सोनी, प्रकाश सोनी, अशोक साहू, एवं लोमश पटेल उपस्थित रहे।



### क्या है परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण

परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण, छात्रों के आंकलन और मूल्यांकन के लिए एक सर्वेक्षण है। यह सर्वेक्षण, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सिद्धांतों पर आधारित है। परख सर्वेक्षण के ज़रिए, छात्रों की योग्यता का आंकलन किया जाता है। इसमें छात्रों की आलोचनात्मक सोच, समस्या-समाधान, और विश्लेषणात्मक कौशल पर ध्यान दिया जाता है। परख सर्वेक्षण के कुछ प्रमुख उद्देश्य हैं, सीखने के नतीजों की निगरानी करना। राज्य उपलब्धि सर्वेक्षण एसएएस और राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (एनएएस) का मार्गदर्शन करना। स्कूल बोर्डों को 21वीं सदी की कौशल ज़रूरतों को पूरा करने में मदद करना। स्कूल बोर्डों के बीच सहयोग बढ़ाना। सभी स्कूल बोर्डों में शिक्षार्थियों के बीच शैक्षिक मानकों की समानता सुनिश्चित करना।

### श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने पहुंचे भाजपा के नेता



**नवागढ़।** ग्राम जेवरा एस में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा में भाजपा नेता देवादास चतुर्वेदी एवं महामंत्री मिंटू बिसेन शामिल हुए और व्यासपीठ को प्रणाम कर आशीर्वाद लेकर कथा श्रवण किया। इस दौरान सरपंच जित्तू राजपूत उपस्थित रहे।

## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# एमडी-एमएस एडमिशन, तीन साल के नियमित डाक्टरों को बोनस अंक, बांडेड को छूट नहीं

## पंजीयन का काम पूरा, मेडिकल पीजी में 22 से 28 नवंबर तक पहले दौर का एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पंजीयन का काम पूरा होने के बाद चिकित्सा विभाग द्वारा एमडी-एमएस के प्रवेश के लिए शेड्यूल जारी कर दिया गया है। राज्य की 281 सीटों पर पहले दौर का प्रवेश 22 से 28 नवंबर के बीच होगा। इस बीच प्रवेश लेने वाले अनुसूचित क्षेत्रों के तीन साल के नियमित डाक्टरों को बोनस अंक देने पर सवाल उठाए जा रहे हैं। दो साल की अनुबंध सेवा देने वाले विद्यार्थियों को इसका लाभ नहीं दिया जा रहा है।

जानकारी अनुसार राज्य में नौ मेडिकल कालेज में पीजी की सीटों पर एडमिशन होगा। पंजीयन के बाद मेरिट लिस्ट तैयार करने सीटों का आवंटन तथा एडमिशन प्रक्रिया पूरी करने में चिकित्सा शिक्षा विभाग जुटा हुआ है। एडमिशन की पूरी प्रक्रिया 29 जनवरी तक पूरी किए जाने का संभावित शेड्यूल जारी किया गया है। नियम के मुताबिक पीजी प्रवेश में अनुसूचित क्षेत्रों के सीएचएसी, पीएससी में लगातार तीन साल सेवा देने वाले नियमित और संविदा डाक्टरों को तीस फीसदी अंक बोनस के रूप में दिए जाने का नियम है। छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन ने चिकित्सा शिक्षा संचालक को ज्ञापन देकर उन्हीं इलाकों में दो साल की अनुबंध सेवा देने वाले चिकित्सा अधिकारियों की स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। डाक्टरों का कहना है कि बांडेड डाक्टर उसी तरीके की ड्यूटी करते हैं, मगर उनके लिए बोनस अंक का प्रावधान नहीं है, जबकि उन्हें भी इसका लाभ मिलना चाहिए।

### तीन साल का आय प्रमाण पत्र, विकल्प की मांग

एडमिशन की प्रक्रिया के दौरान ओबीसी वर्ग के छात्रों से तीन साल का आय प्रमाणपत्र दिए जाने की मांग की जा रही है। डाक्टरों का कहना है कि सर्टिफिकेट बनाने की प्रक्रिया ऑनलाइन होती है इसलिए बैक डेट में सर्टिफिकेट तैयार नहीं किया जा सकता। इस नियम में बदलाव कर दो साल का सर्टिफिकेट जैसा विकल्प दिए जाने की डिमांड भी डीएमई से की गई है।



### जमीन बंधक रख आठ ने मांगी एनओसी

पीजी एडमिशन के लिए दो साल की बांड ड्यूटी करने वाले आठ चिकित्सा अधिकारियों ने 25 लाख प्रापर्टी के कागजात अथवा एफडी के कागज बंधकर रखकर संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं से पढ़ाई शुरू करने के लिए अनुमति मांगी है। इनमें चार ने जमीन और चार ने बैंक की एफडी के कागज अपने शपथ पत्र के साथ प्रस्तुत किया है। ग्रामीण सेवा में अनुबंध का करार का पालन करने के लिए यह नियम बनाया गया है।

## खबर संक्षेप



### एमजीएम स्कूल में साइबर अपराध के लिए कार्यशाला

**रायपुर।** नशा विरोधी अभियान तथा कार्रवाई के लिए पुलिस निजात अभियान चला रही है। इसी कड़ी में सिविल लाइंस सीएसपी प्रशिक्षु आईपीएस अजय कुमार ने एमजीएम स्कूल में छात्रों के साथ अन्य स्कूली छात्रों को निजात अभियान का उद्देश्य बताते हुए नशा एवं अपराध से दूर रहकर कड़ी मेहनत से शिक्षा प्राप्त कर जीवन में आगे बढ़ते रहने को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, नशा जीवन को अंधकार के कुएं में ले जाता है। सीएसपी केशरी नंदन नायक ने नशा से होने वाले दुष्परिणाम के साथ साइबर अपराध से बचने के उपाय बताए। आयोजन में विभिन्न स्कूलों से आए विद्यार्थी नशा विरोधी विषय पर ड्रॉइंग, नारा एवं निबंध प्रतियोगिता में शामिल हुए। बच्चों को पुलिस अधिकारियों ने प्रशस्ति पत्र देकर एवं मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया।

### ओमाया गार्डन में मनाया दीपावली मिलन



**रायपुर।** उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा वीआईपी रोड स्थित ओमाया गार्डन में गत दिनों दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उद्योगपतियों ने सपरिवार आकर अपनी उपस्थिति दर्ज की और विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों का आनंद लिया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष अश्विन गर्ग ने दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस दीपावली पर हम सभी को अपने पर्यावरण की रक्षा और स्वच्छता का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में तंबोला (हॉउजी), म्युजिकल नाईट, लक्की ड्रॉ, फन गेम्स, बच्चों के गेम्स, सभी सदस्यों के लिए गिफ्ट्स और स्वादिष्ट व्यंजनों का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में विनोद कुमार केजरीवाल, विवेक अरोड़ा, नीरज अग्रवाल, अशोक कुमार गोयल, दीपक भीमसरिया, जेपी अग्रवाल आदि शामिल थे।

### ननकाना साहेब में गुरु पर्व मनाने सिक्ख जत्था रवाना

**रायपुर।** गुरुनानक देव जी के जन्मोत्सव मनाने राजधानी से ननकाना साहेब पाकिस्तान सिक्खों का जत्था रवाना हुआ। लखवानी सिंह मुल्तानी के नेतृत्व में यह जत्था अमृतसर के बाघा बार्डर से पाकिस्तान प्रवेश कर 10 दिनों तक ननकाना साहेब, पंजा साहेब, सच्चा सौदा, डेरा साहेब लाहौर, करतारपुर, रोड़ी साहेब के गुरुद्वारों के दर्शन कर 26 नवंबर को रायपुर वापस लौटेगा। तीर्थयात्रा जत्थे का जयघोष के साथ यात्रा की कुशलता के कामना के साथ रवाना किया गया।

### दिल्ली में लोक कलाकार का सम्मान

**रायपुर।** दिल्ली के राजभवन में अंचल के लोककलाकार डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर का दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सम्मान किया। कार्यक्रम में लोककला सांस्कृतिक मंच के कलाकारों ने सुंदर प्रस्तुति देकर आमंत्रित जनों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में दिल्ली के मुख्यमंत्री विशेष रूप से उपस्थित रही।

### नेता प्रतिपक्ष ने वोरा के निधन पर शोक जताया

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने वरिष्ठ पत्रकार गोपाल वोरा के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने इसे पत्रकारिता जगत के लिये अपूरणीय क्षति बताया है। उन्होंने रायपुर से प्रकाशित नवभारत, देशबंधु सहित सभी प्रमुख समाचार पत्रों एवं लोकमत नागपुर के लिए लंबे समय तक पत्रकारिता की। उन्होंने परिजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

**प्रवचन :** संत द्वय के प्रवास पूर्ण होने पहले गुणानुवाद सभा का आयोजन


# बालोद के श्रावक-श्राविकाएं सहजता विद्वता, कर्मठता में अनुमोदनीय


हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

संत द्वय ऋषभ सागर मसा एवं रिजु प्रज्ञ सागर महाराज 20 जुलाई से 15 नवंबर तक वर्षावास में प्रवास कर रहे का प्रवास कल पूर्ण होने से एक दिन पूर्व गुणानुवाद सभा आयोजित की गई। चातुर्मास काल में संतों के सानिध्य में प्रभु भक्ति, आराधना एवं तपस्या के माध्यम से अपने कर्मों का क्षय करते हुए आत्मा को निर्मल बनाने का प्रयास आराधकों के द्वारा किया गया। चार माह में प्रवचन के माध्यम से जीवन को कैसे सुख शांतिपूर्ण ढंग से जीना, धर्म और परमात्मा से जुड़कर आत्मा का किस तरह से कल्याण करना की सीख दी गई।

संत द्वय ने इस चातुर्मास के गुणानुवाद सभा में कहा कि यहां के श्रावक श्राविकाएं सहजता, विद्वता, कर्मठता में अनुमोदनीय है, इन चार माह में हमारे द्वारा मन से वचन से काया से जाने अनजाने में किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय बात हुई हो तो बारंबार मिच्छामी दुक्कडम करते हैं। इस अवसर पर गुणानुवाद सभा में श्री संघ अध्यक्ष डॉक्टर प्रदीप जैन ने कहा कि संत द्वय के सानिध्य का लाभ हमारे संघ को मिला। संघ के किसी भी सदस्य द्वारा आप संतों के प्रति कोई अविनय आशातना हुई हो तो मिच्छामी दुक्कडम करते हैं, क्षमा याचना करते हैं। चातुर्मास के विभिन्न आयोजनों को सफल बनाने में जिन सदस्यों ने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान किया उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही कार्यरत कर्मचारियों के प्रति भी धन्यवाद एवम आभार ज्ञापित किया।

**चातुर्मास काल में संतों के सानिध्य में आत्मा को निर्मल बनाने हुआ प्रयास**





### संघ हुआ उपकृत

श्री संभवनाथ जैन मंदिर समिति के अध्यक्ष बाबूलाल ढेलड़िया, सचिव रूपचंद गोलछा एवं चातुर्मास समिति के अध्यक्ष मुकेश भन्साली ने गुरु द्वय के सानिध्य को अपना सौभाग्य तथा प्रवचन को अमृतवाणी बताते हुए कहा कि आपके सानिध्य में हमारा संघ उपकृत हुआ है। संघ के सदस्यों एवं पदाधिकारियों से आपकी भावनाओं को किसी तरह से ठेस लगी हो तो क्षमा याचना करते हैं। इस अवसर पर वक्ता के रूप में प्रकाश भन्साली, अरुण बाफना, यश मालू, मोनू ढेलडिया, समकित सांखला, श्रेयांस भन्साली, रंजना भन्साली, कुसुम नाहटा ने अपने भावपूर्ण विचार रखे, इस बिदाई समारोह में कई बार लोगों की आंखे नाम हुई। कार्यक्रम का संचालन त्रिशला चौरड़िया ने किया। महिला मंडल के सदस्यों ने उनके योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर वयोवृद्ध सदस्य सूरज देवी चौरड़िया का भी सम्मान किया गया। इस आयेजन में संघ के भिखमचंद गोलछा, गुलाब नाहटा, स्वरूप गोलछा, राजकुमार गोलछा, ताराचंद सांखला, ओमप्रकाश भन्साली, विनोद गोलछा, संतोष गोलछा, संतोष नवलखा, विकास भंसाली, विजय डूंगरवाल, अजय डूंगरवाल संतोष मालू, जयचंद श्रीश्रीमाल, संजय ढेलडिया, लक्की लोढ़ा, शांतिलाल भुगड़ी एवं महिलाएं उपस्थित थे।

# 4 लाख से अधिक सदस्यों का ई-केवाइसी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ई-केवाइसी नहीं कराने वाले राशन कार्ड सदस्यों का दिसंबर से नाम कटना शुरू हो जाएगा। इसे देखते हुए खाद्य विभाग अब राशन दुकानों में पंजीकृत कार्डों के सदस्यों द्वारा कितना प्रतिशत ईकेवाइसी कराया गया है, इसका रिकॉर्ड खंगाल रहा है। इसके तहत जिन राशन दुकानों में पंजीकृत सदस्यों का 80 प्रतिशत से कम केवाइसी हुआ है, उनके संचालकों से विभाग द्वारा नोटिस जारी कर जवाब मांगा जा रहा है। इस नोटिस पर संचालकों को जानकारी देनी होगी कि आखिर वे कौन से कारण हैं, जिससे पंजीकृत सदस्यों ने केवाइसी नहीं कराया है, क्योंकि विभाग में ऐसी भी शिकायतें मिल चुकी हैं कि राशन दुकान संचालकों द्वारा ही केवाइसी करने में आनाकानी या लापरवाही बरती गई है, जिससे कई सदस्यों का केवाइसी नहीं हो पाया है। इधर विभागीय अधिकारियों का कहना है कि इस नोटिस का जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर संबंधित दुकान के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

फरवरी 2023 से प्रदेशभर में राशन कार्ड सदस्यों का ई-केवाइसी किया जा रहा है। यह कार्य अब तक जारी है। इसके बाद भी रायपुर जिले में 4 लाख 31 हजार 138 सदस्यों का अब तक केवाइसी नहीं हुआ है। विभागीय सूत्रों के अनुसार जिनका केवाइसी नहीं हुआ है, उनका नाम दिसंबर से राशन कार्ड से कटना शुरू हो जाएगा। इसके बाद इन सदस्यों को राशन नहीं मिल पाएगा। राज्य सरकार की मंशा है कि पात्र किसी भी सदस्य का नाम किसी भी तकनीकी कारण या लापरवाही से राशन कार्ड से नहीं कटे। इसे देखते हुए विभाग भी पूरा जोर लगा रहा है कि छूटे एवं बचे सदस्यों का भी केवाइसी हो जाए। इस मंशा से विभाग द्वारा राशन दुकानों पर सख्ती करना शुरू कर दिया गया है, क्योंकि केवाइसी की जिम्मेदारी राशन दुकानों को दी गई है। ऐसे में लाखों सदस्यों का केवाइसी का नहीं होना कहीं न कहीं राशन दुकानों की लापरवाही की ओर भी इशारा कर रहा है। यही कारण है कि विभाग भी जहां केवाइसी का प्रतिशत कम है, उन दुकानों को नोटिस जारी कर जवाब मांग रहा है।

### रायपुर केवाइसी में पिछड़ा एक को नोटिस जारी

जिले में रायपुर केवाइसी में सबसे पीछे है। रायपुर में 238 राशन दुकानें हैं। इनमें करीब 20 से 25 प्रतिशत दुकानों में ही 80 प्रतिशत से अधिक सदस्यों का केवाइसी हुआ है, जबकि शेष दुकानों में 80 प्रतिशत से कम केवाइसी हुआ है। जिन दुकानों में 80 प्रतिशत से कम केवाइसी हुआ है, उनमें भी 3-4 दुकानें ऐसी हैं जहां केवाइसी 60 प्रतिशत से भी कम है। विभाग ने कम केवाइसी का प्रतिशत वाली दुकानों को नोटिस देने की शुरुआत कर दी है। इसके तहत दुकान आईडी क्रमांक 441001276 के संचालक को छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 की कंडिका-15 के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# दोस्त का फेक डीपी लगाकर कारोबारी से पांच लाख रुपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सिविल लाइंस थाना में एक कारोबारी ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ अपने दोस्त का फेक डीपी लगाकर पांच लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कारोबारी द्वारा अपने दोस्त से वापस पैसे मांगे जाने पर ठगी का खुलासा हुआ। कारोबारी के साथ दिल्ली के जालसाज ने ठगी की है।पुलिस के मुताबिक सुन्नी जुमनानी ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। सुन्नी ने पुलिस को बताया है कि वह सोलर पैनल का काम करता है। पुनीत परवानी उसके भाई बंटी का दोस्त है। स

न्नी के अनुसार उसके भाई के पास आठ नवंबर को एक वाट्सएप कॉल आया। वाट्सएप कॉल की डीपी में पुनीत का फोटा लगा था। कॉल करने वाले ने दिल्ली में जरूरी काम होने का झांसा देकर पांच लाख रुपए की मांग की। बंटी को लगा कि पुनीत को दिल्ली में पैसों की जरूरत होगी। इसके बाद बंटी ने कॉल करने वाले को चांदनी चौक के एक कारोबारी से पैसे दिलवाए। पुलिस के अनुसार जालसाज सोशल मीडिया से लेकर सभी जगह सक्रिय होकर ठगी के लिए नए शिकार तलाशते हैं। पुलिस ने आशंका व्यक्त की है कि कोई अज्ञात जालसाज बंटी के किसी सोशल मीडिया ग्रुप में फेक आईडी से दोस्ती कर बंटी के परिचित के साथ दोस्तों की जानकारी हासिल की होगी। जानकारी हासिल करने के बाद जालसाज ने पुनीत की फोटो निकालकर अपने मोबाइल की डीपी लगाकर बंटी को कॉल कर ठगी का शिकार बनाया।

# निलंबन की पहली सूची में शामिल दूसरी लिस्ट आते ही कट गया नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जीएमएसी रायपुर में रैगिंग का मामला निलंबन के बाद ठंडा हो गया है, मगर दस दिन के लिए निलंबित एक छात्र का नाम दूसरी सूची से गायब होने की वजह से कई तरह के सवाल उठने लगे हैं। कालेज में हुई उच्च स्तर की बैठक में घटना में दो के बजाए पांच के शामिल होने की पुष्टि कर एक माह निलंबन की कार्रवाई की गई है। इसमें से पुरानी कार्रवाई की चपेट में आए एक छात्र को बाहर किया गया है।

जानकारी के अनुसार चार अक्टूबर को रैगिंग के आरोप में अंशु जोशी और दीपराज वर्मा को दस दिन के लिए कक्षा और क्लीनिकल कार्यों से बाहर किया गया था। इस कार्रवाई पर बवाल हुआ, तो दूसरे दिन पुनः कालेज प्रबंधन की एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक हुई। इसमें पांच छात्रों को एक-एक माह के लिए निलंबित किया गया था। जिन छात्रों पर कार्रवाई की गई, उनकी सूची जारी होने के बाद एक फिर सवाल खड़े किए गए हैं। पांच छात्रों में दीपराज वर्मा का नाम है शामिल नहीं किया गया है।

इस बारे में कालेज प्रबंधन से जुड़े सूत्रों का कहना है कि दूसरी बार जब वृहद स्तर पर एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक हुई और प्रभावित विद्यार्थियों से बयान लिए गए, तो दीपराज का नाम नहीं आया था। इस स्पष्टीकरण के बाद पहले दौर में हुई कार्रवाई पर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

### डाक अदालत 21 को

**रायपुर।** प्रवर अधीक्षक डाकघर रायपुर संभाग द्वारा 21 नवंबर को डाक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम स्टेशन रोड स्थित कार्यालय में सुबह 11 बजे प्रांरभ होगा।

# छात्रा को घसीटने वाले ऑटो की सीसीटीवी से शिनाख्त की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर फार्मेसी छात्रा का पैर जिस ऑटो में फंसकर कटा था, पुलिस उस ऑटो वाले की शिनाख्ती की कोशिश करने की बात कह रही है। घटना के बाद पुलिस को सीसीटीवी फूटेज में चार से पांच संदिग्ध ऑटो के फूटेज मिले हैं। सीटीवी फूटेज में दिख रहे ऑटो में से किस ऑटो ने युवती की एक्सीडेंट किया है। पुलिस उस ऑटो को वेरिफाई करने के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है।


रविवि के सामने दर्दनाक हादसा, फार्मेसी छात्रा को आटो ने दूर तक घसीटा, कट गया दाहिना पैर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आटो वाले की लापरवाही का खामियाजा जीवनभर भुगतेगी छात्रा

■ खून से लथपथ छात्रा और कटे पैर लेकर एम्स पहुंची पुलिस टीम

तलाश जारी है

ई-आटो होने की आशंका

गौरतलब है कि मंगलवार दोपहर सहेली के साथ नाश्ता करने जा रही संतोषी नगर निवासी प्रियंका प्रजापति ऑटो में फंसकर दूर तक घिसटती चली गई। इस दौरान युवती का पैर ऑटो में फंसकर कट गया, जिसे डॉक्टरों ने पुनः जोड़ने में असमर्थता जताई है। घटना के बाद ऑटो चालक मौके से फरार हो गया। घटना के समय आसपास उपस्थित लोग ऑटो का नंबर नोट नहीं कर पाए, इस वजह से ऑटो वाले की पहचान करने पुलिस को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रत्यक्षदर्शी पुलिस को केवल ऑटो का कलर बता पाए हैं। लोगों द्वारा बताए कलर के आधार पर पुलिस सीसीटीवी में दिखे ऑटो की पहचान का प्रयास करने की बात कह रही है।



















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

## सीईओ ने की मनरेगा एसबीएम की समीक्षा

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिला पंचायत के सीईओ द्वारा विगत दिवस 11 नवम्बर को विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे ने मनरेगा एवं एसबीएम की समीक्षा की। सीईओ ने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत भारत सरकार के स्पष्ट निर्देश के तहत मनरेगा के नाडेप, वर्मी कम्पोस्ट टैंक, मछली पालन तालाब एवं डबरी निर्माण, कच्ची- पक्की नाली, नाला निर्माण, कुआं, पशु आश्रय शेड, बायो गैस प्लांट, वृक्षारोपण कार्य किया जाना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कचरा कलेक्शन का कार्य किया जा रहा है। कचरा कलेक्शन कर वसूली आवश्यक है क्योंकि स्वच्छताग्राही बहनों द्वारा कचरा कलेक्शन सप्ताह में 3 दिन किया जाना है जिसके लिए पंचायत के सरपंच, सचिव एवं कर निगरानी की टीम बनाई जाए तथा कर वसूली पर विशेष ध्यान दिया जाए। शौचालयों के रख-रखाव के लिए रिपोर्ट एवं फोटोग्राफ के माध्यम से लगातार जानकारी देने कहा।

धान खरीदी

# नवागढ़ केंद्र में 180 किसानों ने समर्थन मूल्य पर बेचा धान

इलेक्ट्रॉनिक यंत्र से तौला गया 9,360 क्विंटल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

ब्लॉक में 3100 रुपए समर्थन मूल्य पर गुरुवार से धान खरीदी केंद्रों में धान खरीदी की शुरुआत हो गई। धान खरीदी में किसानों को सहूलियत के लिए केंद्रों में बायोमेट्रिक डिवाइस लगाई गई है।

जिसमें सभी छोटे और बड़े किसान समर्थन मूल्य पर धान बेच सकेंगे। इस दौरान नवागढ़ एसडीएम मुकेश कुमार गोड़, तहसीलदार विनोद बंजारे सहित प्रशासनिक अमला दिनभर क्षेत्र के धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर प्रबंधकों को उचित व्यवस्था एवं पारदर्शी खरीदी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।उल्लेखनीय है कि धान खरीदी केन्द्रों में 7 नवंबर से किसानों को टोकन देना शुरू कर दिया गया है। किसान समिति एवं मोबाइल ऐप टोकन तुंहर हाथ के माध्यम से आसानी से टोकन प्राप्त कर सकते है। इस बार धान खरीदी 14 नवंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक नवागढ़ शाखा प्रबंधक रामजी खांडे ने बताया कि शाखा अंतर्गत नवागढ़, मूरता, झाल, बोरतरा, रनबोड, नेवशा,





अँधियारखोर एवं गनिया उपार्जन केंद्रो में कुल 180 किसानों से 9,360 क्विंटल धान खरीदा गया है। इस बार धान खरीदी केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र से खरीदी हो रही है।

इसके अलावा धान खरीदी केंद्रों पर कंप्यूटर, प्रिंटर, यूपीएस, जेनरेटर भी लगाए गए हैं. बायोमेट्रिक मशीन, बारदानों की व्यवस्था, सीसीटीवी का इंस्टॉलेशन, किसानों के बैठने का इंतजाम और केंद्र पर पानी जैसे इंतजाम हैं। इस दौरान सरपंच तुलसी साहू, अनिल करकरे, बराती साहू, कुलेश्वर मानिकपुरी, सुरेश सिन्हा, विजय साहू, चोवराम साहू, रामाधार पाल, रोहित साहू, शंकर किशन, ढालचंद सहित कृषक उपस्थित रहे।

### किसानों का फूलमाला व तिलक लगाकर स्वागत

वहीं सहकारी समिति नेवशा में धान खरीदी का शुभारंभ किसानों का फूलमाला एवं तिलक कर स्वागत व सम्मान के साथ किया गया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार प्रांजल प्रजापति, प्रभारी समिति प्रबंधक अर्जुन सेन ने सभी को सम्मानित किया। प्रजापति ने उपस्थित कृषकों को शांतिपूर्वक धान विक्रय करने एवं किसी भी प्रकार की समस्या होने की स्थिति में प्रशासन से संपर्क करने की बात कही।

## डीएमएफ के कार्य गुणवत्तापूर्वक व समयावधि में पूरा करें, जानकारियां पोर्टल में भी अपलोड करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्टरेट के दिशा सभाकक्ष में जिला खनिज एवं न्यास निधि की बैठक संपन्न हुई। बैठक मे स्थानीय विधायक दिपेश साहू एवं विधायक साजा ईश्वर साहू सहित जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर पिंकी मनहर सहित जिले के खनिज संस्थान न्यास निधि के सदस्य गण उपस्थित थे ।

बैठक में जिला खनिज संस्थान न्यास निधि से कार्य हेतु प्राप्त प्रस्ताव के संबंध में नोडल अधिकारी सुश्री पिंकी मनहर डिप्टी कलेक्टर द्वारा विस्तार से जानकरी दी गई । इस दौरान कलेक्टर रणबीर शर्मा द्वारा सभी कार्य एजेंसी को डीएमएफ से स्वीकृत कार्य गुणवत्तापूर्वक एवं समयावधि में पूर्ण करने तथा डीएमएफ पोर्टल में सभी जानकारी अद्यतन करने निर्देशित किया गया। बैठक में आदिम जाति अनुसूचित जाति विकास विभाग, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि से सम्बन्ध में चर्चा की गयी। कलेक्टर श्री शर्मा ने डीएमएफ मद से उच्च और सामान्य प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए मितव्ययिता पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं उन्होंने कहा कि डीएमएफ मद के आय-व्यय के आडिट एवं कैशबुक्र संधारित की जाए। डीएमएफ मद के आय-व्यय के आडिट समय पर हों, सभी सामग्री गुणवक्ता पूर्ण हों तभी उसका भुगतान किया जाए।

### नवाचार के लिए भी प्रावधान

खनिज मद की राशि का आवंटन प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष प्रभावित स्थानों में निर्धारित अनुपात के आधार पर किया जाए ताकि विकास कार्यो का प्राथमिकता के साथ समय पर पूर्ण हो सके। शिक्षा विभाग से संबंधित स्कूलों के सुदृढ़ीकरण के साथ ही नवाचारों के लिए भी ऐसा प्रावधान किया किया गया है।

## कॉलेज मैदान पर छात्राओं बीच जमकर हुई मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिले के लीड कॉलेज घनश्याम सिंह गुप्त स्नाकोत्तर महाविद्यालय के मैदान में छात्राओं के बीच जमरक मारपीट हुई जिसका विडियो सोशल मिडिया में जमकर वायरल हो रहा है। इस कॉलेज में पहले भी दो छात्रों के बीच मारपीट होने का मामला सामने आ चूका है। वहीं आशंका जताई जा रही है कि वीडियो में नजर आ रही कुछ लड़कियां बालोद कॉलेज की छात्र बताई जा रही है तथा अन्य लड़कियों की पहचान लोहारा मे आईटीआई मे पढ़ने वाले छात्राओं के रूप मे की जा रही है, वहीं दोनों गुटों के बीच मारपीट का कारण अज्ञात है, हालांकि पुलिस हस्ताक्षेप के बाद मामला शांत हुआ है।

घटना बीते बुधवार दोपहर का बताया जा रहा है, जिसे कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों के द्वारा ही बनाया गया था। वहीं वीडियों में लड़कियों के झगड़े में बीच बचाव या शांत कराने लड़के इसलिए सामने नहीं आए कि उन्हें भी लड़कियों के आरोप लगाए जाने का डर था। इस मामले मे कोतवाली थाना प्रभारी रविशंकर पाण्डेय ने बताया कि लड़कियां थाने आई थी, लेकिन उनके द्वारा कोई शिकायत नहीं की गई है।

## आधार सेवा केंद्र के संचालक 18 से हड़ताल पर

**बालोद।** छत्तीसगढ़ आधार सेवा समिति ने अपनी 7 सूत्रीय मांगों को लेकर 18 से 20 नवंबर तक तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल का ऐलान किया है। इस वजह से जिले में 18 नवंबर से सभी आधार सेवा केंद्र के संचालक हड़ताल करने वाले हैं। गुरुवार को आधार सेवा समिति के पदाधिकारियों द्वारा कलेक्टोरेट पहुंच कर सीईओ चिप्स के नाम ज्ञापन दिया गया। समिति के जिलाध्यक्ष लेवेंद्र साहू ने बताया कि विगत कई दिनों से छ.ग के समस्त ऑपरेटरों द्वारा चिप्स सीईओ से मिलकर ऑपरेटरों से जुड़े समस्याओं से अवगत कराने का प्रयास किया गया, परन्तु चिप्स सीईओ से ना तो मुलाकात हुई ना तो हमारे पत्रचार पर कोई सुनवाई हुई, इसी तारतम्य में मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, विधान सभा अध्यक्ष से भी मुलाकात की गई। जिसमे भी हमें आश्वाशन के अलावा आज तक कुछ भी प्राप्त नहीं हुआ। अपनी समस्याओं को देखते हुए छत्तीसगढ़ के समस्त जिलो के आधार ऑपरटेर 3 दिवसीय 18, 19 तथा 20 नवम्बर को सांकेतिक हड़ताल में जाने का निर्णय किया गया है, इसके बाद भी परेशानी दूर नहीं होती है, तो धरना स्थल रायपुर पर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने को मजबूर हो जायंगे। अध्यक्ष ने बताया कि छत्तीसगढ़ में लगभग 2000 से अधिक आधार ऑपरटेर चिप्स एजेंसी के अंतर्गत विगत 7 से अधिक वर्षों से लगातार आधार पंजीयन एवं अपडशेन के कार्य में सेवा दे रहे है, साथ ही समय–समय पर शासन एवं यूआईडीएआई के दिये गये गाईडलाईन एवं निर्देशों का पालन कर रहे है।

## संक्रमण से बचाने स्वास्थ्य केंद्रों में हुआ मॉक ड्रिल का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर के मार्गदर्शन में कोविड-19 पेंडेमिक से संबंधित संक्रमण से बचाव और तत्परता सुनिश्चित करने के लिए जिला व खण्ड स्तर पर 12 से 14 नवंबर को जिले के शासकीय चिकित्सालयों में जिला अस्पताल 1, सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र 6, प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र 30, शासकीय अस्पताल 1 कुल 38 में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। पैन इंडिया मॉक ड्रिल में स्वास्थ सुविधाओं की उपलब्धता, आईसोलेशन बेड की क्षमता, ऑक्सीजन युक्त बेड, आईसीयू बेड, वेन्टीलेटर युक्त बेड, डॉक्टरों, स्टॉफ नर्सों, पैरामेडिकल स्टॉफ की उपलब्धता जैसे मापदण्डों को परखा गया। इस दौरान आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहित अन्य फ्रन्टलाइन कार्यकर्ताओं की जानकारी ली गई। पैन इंडिया मॉक ड्रिल करने का मुख्य उद्देश्य कोविड-19 पैनडैमिक से संबंधित किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए हमारी तैयारियों का पूर्ण आकलन करना है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ. एमके सूर्यवंशी ने पैन इंडिया कोविड-19 मॉक ड्रिल के दौरान शासकीय चिकित्सलयों में संभावित लक्षणयुक्त मरीजों का कोविड-19 टेस्टिंग किये जाने हेतु निर्देश दिये गए तथा आमजन मानस को कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करने की अपील की गई।



